<u>समाचार</u>

# सातवीं आर्थिक गणना में प्रगणकों का सहयोग करें–कलेक्टर

कोरबा 05 अक्टूबर 2019 – कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने आमनागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे सातवीं आर्थिक गणना 2019 के लिए उनके क्षेत्रों में लगे सरकार द्वारा नियुक्त प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को अपना सहयोग, समर्थन एवं सही जानकारी प्रदान करें, ताकि जिले में आर्थिक गणना का कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता पूर्ण रूप से पूरा हो सके।

कलेक्टर श्रीमती कौशल ने अपील करते हुए कहा है कि सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा जारी निर्देश के अनुसार सातवीं आर्थिक गणना 16 अगस्त 2019 से प्रारंभ कर दी गई है, कोरबा जिले की भौगोलिक सीमा के भीतर की जा रही आर्थिक गतिविधियों से संबंधित जानकारी लोकसेवा केन्द्रों द्वारा नियुक्त किए गए प्रगणकों, पर्यवेक्षकों द्वारा निर्धारित प्रारूप में मोबाईल एप्लीकेशन के द्वारा डोर–टू–डोर सर्वे के माध्यम से एकत्रित की जा रही है, अतः सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे उन्हें सही, सटीक जानकारी प्रदान करें। कलेक्टर श्रीमती कौशल ने आगे कहा है कि आर्थिक गणना के माध्यम से एकत्र की गई जानकारी जिले में उद्यमों की वास्तविक आर्थिक स्थिति से अवगत कराने में मद्द करेगी। एकत्र की गई जानकारी आर्थिक गतिविधियों में लगे लोगों के जीवन स्तर को सुधारने की दिशा में विकासशील नीतियों के लिए अत्यधिक सहायक होगी, यह विस्तृत रोजगार के अवसर पैदा करने में भी मद्द करेगा, यह आश्वासन दिया जाता है कि आपके द्वारा दी गई जानकारी को पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा।